दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

7 जून को होगी स्पैशल एजुकेटर टेट परीक्षा, बोर्ड ने जारी किए एडमिट कार्ड

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने दी जानकारी, दो सत्रों में होगी परीक्षा, 535 अभ्यर्थी आजमाएंगे भाग्य

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला,5 जून : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा टीईटी जून-2026 सत्र के तहत स्पेशल एजुकेटर परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि स्पेशल एजुकेटर के दोनों स्तरों की परीक्षाएं 7 जून 2026 को आयोजित की जाएंगी। इसके लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, परीक्षा दो अलग-अलग सत्रों में ढाई घंटे की अवधि के लिए होगी। सुबह का सत्र (10 से 12.30 बजे) इसमें प्री-प्राइमरी से पांचवीं कक्षा के लिए 407 अभ्यर्थी प्रदेश के 3 विशेष केंद्रों पर परीक्षा देंगे। शाम का सत्र (2 से 4.30 बजे): इसमें छठी से बारहवीं कक्षा के लिए 128 अभ्यर्थी 3 परीक्षा केंद्रों में बैठेंगे।परीक्षार्थी स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे परीक्षा शुरू होने से काफी पहले केंद्र पर रिपोर्ट करें। साथ ही, परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड के साथ एक वैध मूल पहचान पत्र लाना अनिवार्य किया गया है।

निजी स्कूलों से परीक्षा केंद्र के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 30 जून तक मौका

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय की सितंबर-2026 परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संबद्ध निजी स्कूलों से केवल ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जो स्कूल लॉगिन आईडी के जरिए किए जा सकते हैं। बिना विलंब शुल्क के आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तय की गई है। इसके बाद, 1 से 15 जुलाई तक 5,000 और 16 से 30 जुलाई तक 10,000 विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार होंगे। 30 जुलाई के बाद आवेदन करने पर जुर्माना भी देना होगा। परीक्षा केंद्र सृजन से जुड़े नियम एवं शर्तें बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी पात्र संस्थानों से समय पर आवेदन पूरा करने का आग्रह किया है।

Amar Ujala
06-06-2026

शिक्षा बोर्ड ने शुरू की किताब की प्रिंटिंग

धर्मशाला। शिक्षा बोर्ड ने छठी कक्षा की हिमाचल की लोक संस्कृति और योग विषय की उस विवादित पुस्तक की दोबारा छपाई शुरू कर दी है, जिसमें कई तथ्यात्मक और भाषाई त्रुटियां सामने आई थीं। पुस्तक में पाई गई गलतियों को विषय विशेषज्ञों की जांच और प्रूफिंग के बाद दुरुस्त कर दिया गया है। बोर्ड के अनुसार संशोधित पुस्तक को नए सिरे से प्रिंटिंग के लिए भेजा गया है। ब्यूरो